

नवभारत
ग्वालियर, सोमवार, 7 जुलाई, 2025



## सिंधिया के संज्ञान एवं प्रयासों से

# सिंध नदी पर निर्माणाधीन बहुप्रतीक्षित पुल को मिली रफ्तार



**नवभारत न्यूज**
**शिवपुरी, 6 जुलाई।** कोलारस से रन्नोद मार्ग पर आवागमन को सुगम बनाने के लिए वर्षों से लंबित सिंध नदी पर पुल निर्माण कार्य अब अंतिम चरण में पहुँच चुका है। यह कार्य केंद्रीय मंत्री व क्षेत्रीय सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया के व्यक्तिगत संज्ञान और सतत प्रयासों के कारण संभव हो पाया है। सिंधिया ने जनता की सुविधा और क्षेत्रीय मांग को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए स्वयं इस विषय को संज्ञान में लिया और संबंधित मंत्रालयों व अधिकारियों से समन्वय कर स्वीकृति तथा बजट को शीघ्रता से मंजूरी दिलाई।

अपने संसदीय क्षेत्र के विकास के लिये प्रतिबद्ध केंद्रीय सूचना एवं उत्तर- पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया द्वारा क्षेत्रीय संपर्क और सुगम आवागमन सुनिश्चित करने की दिशा में निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में सिंधिया के प्रयासों से स्वीकृत कोलारस से रन्नोद रोड (वाया भडोता मार्ग) पर सिंध नदी पर बन रहे सबमर्सिबल पुल का निर्माण कार्य तेज़ी से प्रगति पर है।

**सिंधिया के प्रयासों से मिली स्वीकृति :** उक्त पुल कोलारस-रन्नोद क्षेत्र की जनता की एक पुरानी और बहुप्रतीक्षित मांग थी। लंबे समय से क्षेत्रवासी सिंध नदी में से होकर आवागमन करने को विवश थे, जिससे उन्हें बरसात के मौसम में विशेषकर भारी असुविधा का सामना करना पड़ता था। क्षेत्र की इस समस्या को स्थानीय जनप्रतिनिधियों और नागरिकों ने केंद्रीय मंत्री और गुना सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया के समक्ष रख कर उक्त नदी पर एक पुल निर्माण की माँग की थी। सिंधिया ने त्वरित कार्यवाही की और इस महत्वपूर्ण परियोजना की स्वीकृति दिलवाने में निर्णायक भूमिका निभाई है।

**प्रगति पर है निर्माण कार्य :** प्राप्त जानकारी के अनुसार वर्तमान में कार्य सुचारु रूप से प्रगति पर है और अनुमानित समयसीमा के भीतर पूर्ण होने की संभावना है। उक्त नदी दो स्ट्रीम में प्रवाहित होती है, जिन पर स्लैब निर्माण कार्य सफलतापूर्वक पूर्ण किया जा चुका है। अब पुल के दोनों छोर पर एबटमेंट निर्माण कार्य शेष है, जिस पर तीव्र गति से कार्य जारी है। निर्माण कार्य के दौरान भी आमजन की सुविधा बाधित न हो, इसके लिए पुल के दोनों ओर अस्थायी रैम्प तैयार किए गए हैं, जिससे दोपहिया वाहनों व पैदल यात्रियों के लिए आवागमन सुगम बना हुआ है।

### गुणवत्ता व समयबद्धता पर विशेष फोकस : सिंधिया

केंद्रीय मंत्री सिंधिया के अनुसार परियोजना की गुणवत्ता और कार्य प्रगति की सतत निगरानी की जा रही है, जिससे यह सुनिश्चित किया जा सके कि कार्य निर्धारित समयसीमा में उच्च गुणवत्ता के साथ पूर्ण हो। यह सबमर्सिबल पुल क्षेत्रीय संपर्क और विकास को नई गति देने वाला एक महत्वपूर्ण आधार बनेगा, और इसके शीघ्र पूर्ण होने से कोलारस-रन्नोद-भडोता क्षेत्र की जनता को सीधा लाभ मिलेगा।

## भावना जैन बनीं सीए, करैरा का नाम किया रोशन



**शिवपुरी, 6 जुलाई।** करैरा नगर के लिए आज एक और गौरवपूर्ण क्षण है, अधिमान्य वरिष्ठ पत्रकार प्रमोद जैन की बेटी भावना जैन ने आज घोषित चार्टर्ड अकाउंटेंट (सीए) की परीक्षा में सफलता प्राप्त की है। भावना जैन की इस उपलब्धि से सम्पूर्ण जैन लॉज परिवार में खुशी की लहर है और इस सफलता पर नगर के गणमान्य नागरिक, परिजन, इष्ट मित्र, राजनेता सहित पत्रकार गणों ने बेटी भावना को बधाई वा शुभकामनाएं दे रहे है। भावना जैन ने हाल ही में घोषित सीए परीक्षा परिणाम में सफलता प्राप्त की है, जो करैरा नगर के लिए एक ऐतिहासिक पल है, क्योंकि पहली बार किसी लड़की ने इस क्षेत्र में यह उपलब्धि हासिल की है। भावना ने इंदौर में रहकर अपनी पूरी पढ़ाई और सीए की तैयारी की थी, भावना ने अपनी शैक्षणिक योग्यता में एल-एल.बी की डिग्री भी प्राप्त की है, जो उनकी बहुमुखी प्रतिभा को प्रदर्शित करती है। भावना जैन की इस उपलब्धि पर न केवल परिवार का नाम रोशन हुआ है, बल्कि क्षेत्र के युवाओं के लिए भी एक प्रेरणा का स्रोत बनी है। भावना जैन की सफलता करैरा नगर के युवाओं के लिए एक प्रेरणादायक उदाहरण है, जो उन्हें अपने लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए प्रोत्साहित करेगी।



# मरीजों के प्रति सहानुभूति, सम्मान और समझदारी वाला करें व्यवहार : परमहंस



**नवभारत न्यूज**
**शिवपुरी, 6 जुलाई।** श्रीमंत राजमाता विजयाराजे सिंधिया चिकित्सा महाविद्यालय एवं चिकित्सालय शिवपुरी में

**प्रशिक्षु डॉक्टर एवं जूनियर रेसीडेंट डॉक्टर्स को महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर चर्चा कर दिए आवश्यक दिशा-निर्देश**

अधिष्ठाता डॉक्टर डी. परमहंस ने चिकित्सालय के लेक्चर हॉल में प्रशिक्षु डॉक्टर्स एवं जूनियर रेसीडेंट डॉक्टर्स सीनियर रेसीडेन्ट डॉक्टर्स को महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर चर्चा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए दो दिवसीय कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य कुछ ऐसे प्रमुख मुद्दों पर विचार करना था, जिन्हें जूनियर डॉक्टरों को अपने करियर की शुरुआत में आवश्यकता होती है। इस दौरान इस दौरान मेडिकल कॉलेज के अधिष्ठाता डॉ. डी.परमहंस के साथ प्रबंधक डॉ. विकास त्यागी, डॉ. शुभांगी सिंह, सहा. पीआरओ राहुल अष्ठाना सहित अन्य स्टाफ मौजूद रहा।

कार्यशाला को संबोधित करते हुए अधिष्ठाता डॉक्टर डी. परमहंस ने कहा कि आप सभी जूनियर डॉक्टरों द्वारा अपने प्रशिक्षण के शुरुआती चरणों में सामना किए जाने वाले कुछ मुद्दों को जानने की आवश्यकता है। आप डॉक्टरों को उनसे निपटने के लिए कुछ बुनियादी ज्ञान, कैरियर की प्रगति, नेतृत्व कौशल के विकास और स्वास्थ्य सेवा के प्रति जागरूकता की आवश्यकता है। जैसे कि मरीजों के प्रति व्यवहार में सहानुभूति, सम्मान, और समझदारी शामिल होनी चाहिए। मरीजों को यह महसूस होना चाहिए कि वे सुरक्षित और देखभाल में हैं, और उनकी समस्याओं को गंभीरता से लिया जा रहा है। आप सभी डॉक्टरों और स्वास्थ्यकर्मियों को मरीजों के साथ प्रभावी ढंग से संवाद करना बहुत ही आवश्यक है, उनकी चिंताओं को सुनना चाहिए, और उनके साथ मिलकर काम करना चाहिए ताकि वे सर्वोत्तम संभव देखभाल प्राप्त कर सकें। साथ ही अधिष्ठाता डॉक्टर डी.परमहंस का यह भी कहना कि वार्डों मरीजों के साथ विश्वास और सम्मान का रिश्ता बनाए, ताकि वे अपने डॉक्टर और स्वास्थ्य सेवा टीम पर भरोसा कर सकें। इसी के साथ जब आप बुरी खबर देते है उस समय, मौखिक संचार के साथ-साथ गैर-मौखिक संचार के महत्व पर जोर दें रोगी, रिश्तेदारों और/या देखभाल करने वालों के संबंध में स्थिति के संदर्भ पर विचार करें। रोगी की देखभाल वास्तव में समग्र होने के लिए सभी रोगियों की देखभाल में परिवार के सदस्यों पर विचार किया जाना चाहिए।

मानसिक क्षमता की कमी वाले रोगियों के साथ व्यवहार करते समय परिवार के सदस्यों के साथ तालमेल विकसित करना आवश्यक है और सर्वोत्तम हितों के निर्णय लेने की कोशिश करें। इसी के साथ आप सभी अपने कार्य स्थल पर अपने पहनावे (व्हाईट कोर्ट, आई डी कार्ड) के साथ सुरक्षित अपना कार्य करें।

# महिला एवं बाल विकास विभाग के अकाउंटेंट के घर नकाबपोश बदमाशों ने की फायरिंग

**नवभारत न्यूज**
**शिवपुरी, 6 जुलाई।** फिजिकल क्षेत्र की विवेकानंदपुरम कॉलोनी में शनिवार रात नकाबपोश

**गोली दो दरवाजों को चीरते हुए अलमारी में लगी**

बदमाशों ने एक घर में फायरिंग कर दी। बदमाशों ने महिला बाल विकास विभाग में पदस्थ अकाउंटेंट जीपी खरे के मकान पर 315 बोर के कट्टे से दो फायर किए और बाइक पर सवार होकर मौके से फरार हो गए।

वारदात रात करीब 10 बजे की है। उस समय जीपी खरे परिवार सहित घर के अंदर भोजन कर रहे थे। गोली चलने की आवाज सुनकर उनका बेटा बाहर आया तो देखा कि दरवाजे में गोली से छेद हो चुका था। बदमाशों द्वारा चलाई गई दूसरी गोली दो दरवाजों को भेदते हुए सीधे मकान के पिछले हिस्से तक पहुंच गई और वहां रखी प्लायवुड की अलमारी में जा धंसी। गनीमत ये रही कि गोली किसी भी सदस्य को नहीं लगी, नहीं तो बड़ा हादसा हो सकता था। जीपी खरे ने बताया कि उनकी किसी से कोई निजी रंजिश नहीं है। हालांकि पूर्व में पिछोर के एक नेता द्वारा उन्हें धमकी दी गई थी, जिसका मामला न्यायालय में विचाराधीन है।

उन्होंने कहा कि इस वारदात में उसका हाथ है या नहीं, ये अभी स्पष्ट नहीं है। घटना की सूचना मिलते ही फिजिकल थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। अज्ञात आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। रविवार सुबह एडिशनल एसपी संजीव मुले ने भी घटनास्थल का जायजा लिया और पीड़ित परिवार से चर्चा की।

फिजिकल टीआई नवीन यादव ने बताया कि मकान के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे में बदमाशों की स्पष्ट तस्वीरें नहीं आ पाई हैं। पुलिस अब आसपास लगे अन्य कैमरों की फुटेज खंगाल रही है और बदमाशों की तलाश जारी है। स्थानीय लोगों में इस घटना के बाद दहशत का माहौल है।

## ट्रक ने बाइक व स्कूटी को मारी टक्कर, 3 घायल



**नवभारत न्यूज**
**शिवपुरी, 6 जुलाई।** कोलारस थाना क्षेत्र में रविवार को एनएच-46 स्थित पूरणखेड़ी टोल प्लाजा के पास तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने दो वाहनों को टक्कर मार दी। हादसे में एक दंपति सहित तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

धर्मकांटा के पास एक तेज रफ्तार वाहन ने पहले बाइक सवार धनपाल यादव और उनकी पत्नी गीता यादव को टक्कर मारी। दोनों एडवारा के रहने वाले हैं और कोलारस कस्बे में पढ़ाई कर रहे बच्चों से मिलने जा रहे थे। उनके पास खाने-पीने का सामान भी था। इसके कुछ ही देर बाद उसी वाहन ने सामने से आ रहे स्कूटी सवार युवक बब्लू रघुवंशी को भी टक्कर मार दी। हादसे के बाद 108 एंबुलेंस की मदद से तीनों घायलों को कोलारस अस्पताल पहुंचाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें जिला अस्पताल शिवपुरी रैफर कर दिया गया है। तीनों की हालत गंभीर बताई जा रही है। ग्रामीणों ने बताया कि हादसा उस वक्त हुआ जब दोनों वाहन टोल प्लाजा से निकलने के बाद आगे बढ़ रहे थे। तभी तेज रफ्तार ट्रक ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। हादसे के बाद ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर ट्रक और चालक की तलाश शुरू कर दी है।

# पार्वती नदी में डूबने से युवक की मौत, ग्रामीणों ने किया चक्काजाम



**नवभारत न्यूज**
**शिवपुरी, 6 जुलाई।** बैराड़ थाना क्षेत्र के गोंदोलीपुरा में रविवार सुबह शौच के लिए गए एक युवक की नदी में डूबने से मौत हो गई। हादसे के बाद न तो समय पर एंबुलेंस पहुंची और न ही शव वाहन। इससे आक्रोशित परिजनों और ग्रामीणों ने शव टैक्सी में रखकर बैराड़ लाया और सड़क पर चक्काजाम कर दिया।

जानकारी के अनुसार मृतक मुकेश शाक्य उम्र 40 वर्ष पुत्र नकटू शाक्य निवासी वार्ड क्रमांक 15, गोंदोलीपुरा सुबह शौच के लिए निकला था। इसी दौरान पार्वती नदी की पुलिया पार करते समय उसका पैर फिसल गया और वह बहाव में बह गया। कुछ ही देर में उसकी डूबने से मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलने पर तहसीलदार मौके पर पहुंचे, लेकिन दो घंटे इंतजार के बाद भी कोई एंबुलेंस या शव वाहन नहीं आया।

आखिरकार परिजन शव को एक ऑटो में रखकर बैराड़ पहुंचे। बैराड़ पहुंचने पर परिजन और ग्रामीणों ने पहले थाना परिसर में विरोध जताया। बाद में सभी तहसील कार्यालय के सामने एकत्रित हो गए और मुख्य मार्ग पर चक्काजाम कर दिया। ग्रामीणों का कहना है कि वे वर्षों से पार्वती नदी पर पुल की मांग कर रहे हैं, लेकिन अब तक न तो जनप्रतिनिधियों ने ध्यान दिया और न ही प्रशासन ने कोई ठोस कदम उठाया।

मौके पर पहुंचे पोहरी एसडीएम मोतीलाल अहिरवार ने लोगों को समझाने की कोशिश की, लेकिन ग्रामीणों की मांग थी कि जब तक कलेक्टर स्वयं मौके पर नहीं आते, चक्काजाम खत्म नहीं किया जाएगा। फिलहाल चक्काजाम जारी है और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर ग्रामीणों को मनाने में जुटे रहे।



# विधायक ने वृद्धजनों के लिए 15 पलंग और 15 अलमारी भेंट की

**नवभारत न्यूज**
**शिवपुरी, 6 जुलाई।** शिवपुरी विधायक देवेंद्र जैन ने अपनी विधायक निधि से मंगलम वृद्ध आश्रम में रहने वाले वृद्धजनों के लिए पलंग और अमलारी भेंट की है। विधायक देवेंद्र जैन ने रविवार को वृद्ध आश्रम में पहुंचकर यहां पर निवासरत वृद्धजनों से मुलाकात की और वृद्धजनों के लिए 15 पलंग व 15 अलमारी भेंट की।

इस मौके पर वृद्धजनों से बातचीत करते हुए विधायक देवेंद्र जैन ने कहा कि हमारी डबल इंजन की सरकार वृद्धजनों के लिए कई योजना संचालित कर रही है। 70 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों के लिए आयुष्मान योजना के तहत कार्ड बनाए जा रहे हैं। उन्होंने सभी

**वृद्ध आश्रम में पहुंचकर वृद्धों की सेवा की**

वृद्धजनों से मुलाकात कर उनका हाल-चाल जाना और वृद्धजनों को माला पहनकर उनका स्वागत किया। उन्हें भोजन भी कराया। इस दौरान विधायक ने कहा कि मंगलम वृद्ध आश्रम संचालन करने के लिए और भी जो मदद की आवश्यकता होगी वह उनके द्वारा मुहैया कराई जाएगी। इस मौके पर मंगलम संस्था के संचालगण व पदाधिकारीगण डॉ अजय खेमरिया, एसकेएस चौहान, हरवीर रघुवंशी, मुकेश गोयल, दीपक गोयल, हरिओम अग्रवाल, जिनेंद्र जैन, अरविंद जैन, रंजीत गुप्ता, अशोक कोचेटा, प्रमोद भार्गव, डॉ रामनिवास शर्मा, डॉ शैलेंद्र गुप्ता, राजेश सिंघल, मुकेश जैन, राजेश विहारी पाठक, विष्णु सोनी, हरिओम नरवरिया, एपीएस चौहान, संजीव भार्गव, विकास शर्मा सहित कई सदस्यगण मौजूद रहे।

# दिव्यांगों को दिए उनके दिव्य अस्त्र : संयुक्त कलेक्टर

**नवभारत न्यूज**
**दतिया, 6 जुलाई।** सिद्ध जैन तीर्थ क्षेत्र सोनागिर में अखिल भारतीय संस्था तरुण मित्र परिषद, दिल्ली द्वारा नि:शुल्क विराट दिव्यांग 58वें कैम्प में उपकरणों का वितरण कर शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें दिव्यांगों के लिए विविध प्रकार के उपयोगी उपकरण वितरित किए गए।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में संयुक्त कलेक्टर एवं उपसंचालक सामाजिक न्याय ऋषि कुमार सिंघई ने कहा कि मानव




कल्याण के लिए समर्पित संस्था तरुण मित्र परिषद द्वारा विशेष दिव्यांग कैम्प लगाकर आधुनिक उपकरणों का वितरण कर समाज के जरूरतमंद लोगों को उनके दिव्यांग के दिव्य अस्त्र देकर उनकी मदद की गई यह सेवा का बड़ा उदाहरण है। उन्होने कहा कि इन उपकरणों के साथ ये हितग्राही समाज मे रहते हुए अपने समस्त कार्य करने में सक्षम महसूस कर सकेंगे। इस अवसर पर विशेष अतिथि महिला बाल विकास अधिकारी अरविंद उपाध्याय ने कहा कि मानव ही मानव की मदद करता है। कार्यक्रम मे महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी ग्वालियर मनोज कुमार, भोपाल के अखिलेश चतुर्वेदी और राजगढ के केदार शर्मा बतौर विशिष्ट अतिथि भी उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सिद्धक्षेत्र सोनागिर संरक्षिणी ट्रस्ट के महामंत्री बाल चंद जैन ने की । परिषद के अध्यक्ष अशोक जैन ने बताया कि इस 58वें दिव्यांग कैम्प में 51 दिव्यांगों को कृत्रिम अंग (हाथ व पैर) पोलियोकैलिपर्स, ऑर्थोशूज (जूते) स्टिक, बैसाखियां व श्रवणहीन बुजुर्गों को श्रवणयंत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम का संचालन विनोद मिश्र द्वारा किया गया।

## जवाहर नवोदय विद्यालय में कक्षा-6वीं में प्रवेश के लिए आवेदन ऑनलाइन

**दतिया, 6 जुलाई।** प्राचार्य जवाहर नवोदय विद्यालय प्राचार्य ने जानकारी देते हुए बताया कि सत्र 2026-27 के लिए प्रवेश हेतु कक्षा 6वीं चयन परीक्षा 2026 के ऑनलाइन आवेदन भरने की प्रक्रिया 1 जून 2025 से प्रारंभ हो गई है। जिसकी अंतिम तिथि 29 जुलाई है। विस्तृत जानकारी हेतु नवोदय विद्यालय समिति नोयडा की बेवसाइट पर देख सकते है।

# सर्वसमाज में साहित्यक अनुष्ठान के रूप में कविता पर्व : मधु

**नवभारत न्यूज**
**दतिया, 6 जुलाई।** सर्वसमाज में साहित्यक अनुष्ठान के रूप में कविता पर्व ने अपनी पहचान निर्मित की है, मेरे जीवन की यह प्रथम सौगात है कि हमने कवियों की सुन्दर मनभावन कविताओं का रसास्वादन किया। कविता पर्व बना प्रेरणादाई मंच - उक्त विचार न्यू दतिया पब्लिक स्कूल के परिसर में आयोजित मासिक कविता पर्व में मुख्य अतिथि यूको बैंक दतिया की मैनेजर श्रीमती



मधु अमरैया ने व्यक्त किए। अध्यक्षता संस्थान के अध्यक्ष साहित्यकार डॉ. आलोक सोनी ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में एसबीआई के सेवानिवृत्त असिस्टेंट मैनेजर वी पी सेन उपस्थित थे। कविता पर्व का संचालन डॉ.हरि कृष्ण हरि ने किया। कवि डॉ. रामस्वरूप साहू ने सरस्वती वंदना से शुरुआत की। मधु अमरैया ने साहित्य अकादमी पुरस्कार प्राप्त डॉ.राज गोस्वामी की नवीन कृति - गई भेंस पानी में, का अपने साहित्यक मित्रों के साथ मिलकर विमोचन किया।

कवि मनीराम शर्मा हास्य कवि अरूण सिद्ध ,अमर सिंह दिनकर ,तनु प्रताप सिंह गौर, सहदेव कुशवाहा, राजीव पाठक, पूजा कुशवाहा, ,श्यामलाल प्रजापति ने अपनी रचनाऐं सुनाई आभार सेवानिवृत्त सब इंस्पेक्टर रवि तिवारी ने व्यक्त किया।